आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार तेज हो गया है जहां सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता रैलियां, रोड शो और घर–घर जाकर प्रचार कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है और वे इसे जब्त कर दूसरे लोगों में बांटना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अलीगढ़ के लोगों ने पहले ही भाजपा को वोट देने का फैसला कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलीगढ और फतेहपुर सीकरी जिले में राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया।

वहीं दूसरी ओर विपक्ष के नेता भी प्रचार में जुटे हुए हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज बुलंदशहर जिले में एक राजनीतिक रैली में बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ दिखावा करती है, जुमलेबाजी में विश्वास करती है और वास्तविक जमीन पर कोई काम नहीं होता है। प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें कीं और मथुरा और फतेहपुर सीकरी क्षेत्रों में घर–घर जाकर अभियान चलाया।

****

समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में आम चुनाव के लिए आज उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। मुलायम सिंह यादव परिवार के सदस्य तेज प्रताप यादव कन्नौज सीट से उम्मीदवार होंगे, पार्टी ने बलिया लोकसभा सीट से सनातन पाण्डेय को टिकट दिया है। पहले ऐसी अटकलें थीं कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। कन्नौज लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है, जिसने 1998 से 2014 तक इस संसदीय सीट पर कब्जा किया था। 2019 के आम चुनाव में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव यहां भाजपा के सुब्रत पाठक से चुनाव हार गई थीं।

****

कुशीनगर संसदीय क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले के बाहर रह रहे नौकरीपेशा युवाओं को जिलाधिकारी मनुहार पाती लिखेंगे। कुशीनगर के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने बताया कि लोकतंत्र में एक–एक वोट का महत्व है। इसके तहत जिला प्रशासन गाँव और शहरों में ऐसे लोगों को चिन्हित करने में जुटा है जो रोजगार या पढाई के सिलसिले में बाहर हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ऐसे लोगों को चिट्ठी लिखकर अवकाश लेकर घर आने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करेंगे।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज भदोही में जिलाधिकारी विशाल सिंह ने भरोसेगंज चौराहे पर ने 100 वर्ष से अधिक उम्र के एक मतदाता को माला पहनाकर अभिनंदन किया और मतदान करने की अपील की। मतदाता जागरूकता को लेकर आज अयोध्या में जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि अयोध्या में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए अद्भुत अयोध्या नाम से अभियान चलाया जाएगा। चित्रकूट में कर्वी के उपजिलाधिकारी सौरभ यादव ने आज आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को घर–घर जाकर सभी मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी। गोरखपुर में आज राजकीय महाविद्यालय सहजनवां में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने सन्देशप्रद पोस्टर बनाकर लोगों को मतदान का महत्व समझाया।

****

गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह पर अशोभनीय टिप्पणी के मामले में आज सुल्तानपुर के जिला न्यायालय की एमपी–एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिये दो मई की तारीख निर्धारित की गयी है। राहुल गांधी के अधिवक्ता ने आज प्रार्थना पत्र देकर बताया कि तबियत खराब होने के चलते आज वह कोर्ट में पेश नहीं हो सके। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ अमित शाह पर अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है और आज बयान दर्ज करने की तारीख निर्धारित थी।

****

30 देशों के 90 अप्रवासी भारतीयों के प्रतिनिधिमंडल के साथ ही 400 से अधिक राम भक्तों के समूह ने आज अयोध्या में भगवान रामलला का दर्शन–पूजन किया। प्रतिनिधिमंडल में भूटान और तिब्बत के एंबेसडर और स्पीकर भी शामिल रहे। ये सभी लोग कल शाम सरयू घाट पर आरती में शामिल हुए थे। इस समूह ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया।

****

आज विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। धरती को पर्यावरणीय खतरों से बचाने के लिए मनाए जाने वाले इस दिवस विशेष पर इस साल की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है। पृथ्वी को प्लास्टिक के खतरों से बचाने के लिए आज प्रदेश के कई जिलों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वाराणसी में नमामि गंगे ने आज विश्व पृथ्वी दिवस पर गंगा तलहटी से प्लास्टिक कचरा निकालने का अभियान चलाया।

****